पत्रिका 4/6/2019

डीएवीवी में जीएसटी पढ़ाएगा आईसीएआई

पांच दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम में चार्टर्ड अकाउंटेंट मार्गदर्शन देंगे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

इंदौर. देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र पर कौशल विकास को लेकर नए-नए कोर्स कराए जाते हैं। मौजूदा दौर में जीएसटी के नियमों में टैक्स कंसल्टेंट भी उलझे हुए हैं। ऐसे में हर बिंदु और नियम की विस्तार से जानकारी के लिए द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की इंदौर शाखा के सहयोग से पांच दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम रखा जा रहा है। 10 से 14 जून तक के इस प्रोग्राम में हर दिन चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अलग-अलग [illegible] पर मार्गदर्शन देंगे। प्रोग्राम का आयोजन स्कूल ऑफ कम्प्यूटर साइंस में किया जाएगा। सीए किर्ती जोशी ओवरव्यू ऑफ जीएसटी, सीए प्रखर गोयल बेसिक डेफिनेशंस एंड कॉन्सेप्ट ऑफ जीएसटी, सीए कृष्ण गर्ग सप्लाय, टाइम एंड वैल्यू ऑफ सप्लाय, सीए विक्रम गुप्ते इनपुट टैक्स क्रेडिट और सीए रजत धनुका बुक्स ऑफ अकाउंट्स, इनवॉइस, रिटर्न पर जानकारी देंगे। केंद्र प्रभारी डॉ. माया इंगले ने बताया, ट्रेनिंग प्रोग्राम के रजिस्ट्रेशन 7 जुलाई तक कराए जा सकते हैं। इसके लिए कोई उम्रसीमा नहीं है।